हिन्दुस्तान

# आगरा और मथुरा में बनेंगे हेलीपोर्ट

लखनऊ, विशेष संवाददाता। कैबिनेट ने आगरा और मथुरा में पर्यटकों की सुविधा के लिए हेलीकाप्टर सेवा संचालन के लिए हेलीपोर्ट बनवाने का निर्णय किया है। यह हेलीपोर्ट पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के जरिये विकसित और संचालित होंगे।

बुधवार को इस बारे में प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा लाए गए प्रस्ताव को कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की। प्रस्ताव के अनुसार पर्यटन के क्षेत्र में हेलीपोर्ट के महत्व को देखते हुए पहली चरण में प्रदेश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों जैसे आगरा व मथुरा में हेलीपोर्ट के संचालन की पहल की जा रही है। अगले चरण में प्रदेश के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट का संचालन प्राथमिकता से होगा।

एसटीएफ लखनऊ के लिए छह इलेक्ट्रिक कार : कैबिनेट ने एसटीएफ लखनऊ के लिए छह अदद इलेक्ट्रिक कार वाहनों की खरीद के प्रस्ताव को पास कर दिया है। कारों की खरीद पर करीब 99 लाख रुपये खर्च होंगे। इनका उपयोग एसटीएफ अपराधियों, माफिया के खिलाफ अभियानों में करेगी।

## छाता चीनी मिल परिसर में बनेगा शुगर काम्पलेक्स

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने मथुरा में वर्ष 2009 से बन्द छाता की पुरानी चीनी मिल के स्थान पर आधुनिक इण्टीग्रेटेड शुगर काम्प्लेक्स की स्थापना का निर्णय लिया है। आधुनिक इण्टीग्रेटेड शुगर काम्प्लेक्स के तहत तीन हजार टन प्रतिदिन गन्ना पेराई क्षमता की नई चीनी मिल स्थापित की जाएगी, जिसे 4,900 टन प्रतिदिन गन्ना पेराई क्षमता तक विस्तारित किया जा सकेगा। इससे इलाके के करीब 7500 युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे।

## खेल विश्वविद्यालय और बेहतर बनेगा

लखनऊ। मेरठ के मेजर ध्यान चन्द खेल विश्वविद्यालय का निर्माण और बेहतर ढंग से किया जाएगा। कैबिनेट ने इस खेल विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए 388 .53 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।